भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
राज्य सभा
लिखित प्रश्न सं. 3183 #
गुरूवार, 27 मार्च, 2025/6 चैत्र, 1947 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

"स्वच्छता ही सेवा" अभियान

3183 # श्री प्रदीप कुमार वर्माः

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) "स्वच्छता ही सेवा" अभियान के मुख्य उद्देश्य क्या हैं;

(ख) यह अभियान भारत में पर्यटन प्रचार के साथ स्वच्छता को किस प्रकार एकीकृत करता है;

(ग) क्या इस पहल के अंतर्गत झारखंड राज्य में कुछ विशिष्ट विरासत स्थलों या पर्यटन स्थलों में उल्लेखनीय सुधार हुए हैं; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री **(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क): स्वच्छता ही सेवा (एसएचएस) 2024 का मुख्य उद्देश्य पूरे भारत में स्वच्छता के लिए मिलजुल कर कार्य करने और नागरिक भागीदारी की भावना को फिर से उत्पन्न करना था, जिसमें 'समग्र समाज के दृष्टिकोण' के तहत तीन प्रमुख स्तंभों पर ध्यान केंद्रित किया गया है:

- स्वच्छता लक्ष्य इकाइयाँ (सीटीयू)- श्रमदान गतिविधियाँ जिनका उद्देश्य लक्षित इकाइयों और सामान्य स्वच्छता के क्षेत्र में समयबद्ध सुधार करना है।
- स्वच्छता में जन भागीदारी- सार्वजनिक भागीदारी, जागरूकता और समर्थन को बढ़ावा देना।
- सफाई मित्र सुरक्षा शिविर- निवारक स्वास्थ्य जाँच का आयोजन करना और सफाई कर्मचारियों के लिए सामाजिक सुरक्षा कवरेज प्रदान करना।

(ख) से (घ): भारतीय अर्थव्यवस्था में पर्यटन का योगदान बहुत ही महत्वपूर्ण है, जो न केवल सुरम्य परिदृश्यों पर बल्कि बेदाग स्वच्छता के मानकों पर भी निर्भर करता है। पर्यटकों की बढ़ती संख्या के साथ, अपशिष्ट प्रबंधन और सार्वजनिक स्वास्थ्य के प्रति स्वच्छता जो

के जोखिमों को कम करना महत्वपूर्ण चुनौतियाँ हैं। इसका समाधान कई चैनलों के माध्यम से किया जाता है।

पर्यटन मंत्रालय पेयजल एवं स्वच्छता विभाग (डीओडीडब्ल्यूएस), जल शक्ति मंत्रालय और आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय, भारत सरकार के मार्गदर्शी सिद्धांतों/निर्देशों के अनुसार हर वर्ष स्वच्छता ही सेवा (एसएचएस) अभियान चलाता है।

पर्यटन मंत्रालय अपने क्षेत्रीय कार्यालयों, भारतीय पर्यटन एवं यात्रा प्रबंधन संस्थान (आईआईटीटीएम), केंद्रीय होटल प्रबंधन संस्थान, राज्य होटल प्रबंधन संस्थान और फूड क्राफ्ट संस्थान जैसे शैक्षणिक संस्थानों के माध्यम से स्वच्छता ही सेवा के तहत देश भर में स्वच्छता अभियान और जागरूकता कार्यक्रम चलाता है।

इस योजना में विभिन्न पर्यटन स्थलों और तीर्थ स्थलों पर स्वच्छता अभियान और जागरूकता कार्यक्रम शामिल हैं। स्वच्छता ही सेवा-2024 के दौरान रांची, झारखंड सहित कुल 374 गतिविधियों/स्थलों को इसके अंतर्गत लाया गया है। इन पहलों का उद्देश्य पूरे देश में स्वच्छता को बढ़ाना और सतत पर्यटन को बढ़ावा देना है।

प्रमुख सुधार: -

विभिन्न अभियानों और शैक्षिक कार्यक्रमों/जागरूकता के माध्यम से स्वच्छता के महत्व और सिंगल यूज प्लास्टिक के दुष्प्रभावों के बारे में लोगों की जागरूकता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

इन अभियानों से पर्यटन स्थलों पर स्वच्छता बनाए रखने में अधिकाधिक रुप से सामुदायिक भागीदारी को बढ़ावा मिला है, जिससे पर्यटन के प्रति अधिक स्थायी दृष्टिकोण को बढ़ावा मिला है।

****